## महत्वपूर्ण एवं खास

### राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन 15 मार्च तक

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वर्तमान में प्रचलित सभी 77 लाख राशनकार्डों के नवीनीकरण का कार्य दिनांक 15 मार्च 2024 तक बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आम नागरिक की सुविधा का ध्यान रखते हुए राशन कार्ड नवीनीकरण की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिए थे। ताकि सभी पात्र हितग्राही अपना आवेदन प्राथमिकता से कर सकें। इसी कड़ी में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयाल दास बघेल ने ऑनलाईन नवीनीकरण के आवेदन के लिए तारीख आगामी 15 मार्च 2024 तक बढ़ाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग के संचालक जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग के द्वारा खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का नया मोबाईल एप्प तैयार किया गया है, इसे प्ले स्टोर में जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। राशनकार्डधारी अपने मोबाईल में इस एप्प के जरिए नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाईन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राईड मोबाईल नहीं है अथवा जहां पर मोबाईल कनेक्टिविटी नहीं है वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाईन प्रक्रिया के जरिए राशनकार्डों के नवीनीकरण हेतु इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा भी दी जा रही है।

### खड़े ट्रक में अचानक लगी भीषण आग, देखते ही देखते जलकर हुआ राख

**कोरबा (आरएनएस)।** कुसमुंडा खदान के बैरियर में ट्रेलर में भीषण आग लग गई है. सडक़ पर जाम की वजह से मदद नहीं मिल पाई. ऐसे में ड्राइवर अपनी आंखों के सामने ट्रक को जलता देखता रहा. जिसका वीडियो भी सामने आया है. बता दें कि पूरी घटना जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत थाना चौक से कुसमुंडा खदान प्रवेश करने वाले मार्ग पर 5 नंबर बैरियर के बाहर की है. जहां शनिवार की तडक़े सुबह लगभग 4 बजे एक खड़े ट्रेलर में आग लग गई. आग ने देखते ही देखते भीषण रूप ले लिया और कुछ देर में आग ने पूरे केबिन को स्वाहा कर दिया.

### विक्रम सिसोदिया विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह के सचिव नियुक्त

**रायपुर (आरएनएस)।** विक्रम सिंह सिसोदिया को छत्तीसगढ़ विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह का सचिव नियुक्त किया गया है. इस संबंध में विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने आदेश जारी किया है. विक्रम सिसोदिया को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम-2012 के तहत 1 फरवरी 2024 से डॉ. रमन सिंह के विधानसभा अध्यक्ष के कार्यकाल तक सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है. बता दें कि डॉ. रमन सिंह जब केंद्र में राज्यमंत्री थे, तब से केंद्रीय सेवा के अफसर विक्रम सिसोदिया उनके साथ हैं. 2003 में जब डॉ. रमन सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री बने, तब सिसोदिया को उनका ओएसडी नियुक्त किया गया था.

### जंगल सफारी में बारहवीं तक के स्कूली बच्चों को निशुल्क एंट्री

**रायपुर (आरएनएस)।** नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी में अब कक्षा पहली से बारहवीं तक के स्कूली बच्चों को निशुल्क एंट्री मिलेगी। वन मंत्री केदार कश्यप ने विधानसभा में अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब के दौरान यह घोषणा की। इसके साथ ही मंत्री सिंचाई क्षमता में वृद्धि करने भाजपा शासन में संचालित 35 परियोजनाओं को फिर से शुरू करने की बात कहीं। वनों में वन्य प्राणियों के संरक्षण में उत्कृष्ट सेवा करने वाले कर्मचारियों को अवार्ड दिए जाएंगे। बस्तर संभाग में मुख्य अभियंता कार्यालय खोले जाएंगे।

# प्रधानमंत्री ने 2280 करोड़ की लागत से देशभर के 21 ईएसआईसी मेडिकल कालेजों, अस्पतालों और औषधालयों की योजनाओं का किया लोकार्पण एवं उद्घाटन

- रायगढ़ के ग्राम परसदा में 100 बिस्तर के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल का हुआ लोकार्पण
- कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल में ओपीडी एवं आपातकालीन इमरजेंसी सुविधाएं हुई प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राजकोट गुजरात से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से 2280 करोड़ की लागत से देशभर के 21 ईएसआईसी मेडिकल कालेजों, अस्पतालों और औषधालयों की योजनाओं का लोकार्पण एवं उदघाटन किया। इससे 56 लाख लाभार्थियों को लाभ मिलेगा। जिसमें रायगढ़ के परसदा में 100 बिस्तर के कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल भी शामिल है।

वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन ग्राम-परसदा, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़ के कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अस्पताल में किया गया। मौके पर राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय परिषद के सदस्य एवं कर्मचारी प्रतिनिधि एल.पी. कटकवार, मुकेश जैन, के.जी.सुरेश, क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, रायपुर एवं सुकेशीनी जाधव, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही रायगढ़ क्षेत्र के 25 नियोक्ता गण एवं लगभग 100 बीमित हितग्राही उपस्थित रहे। अस्पताल में वर्तमान में ओपीडी एवं आपातकालीन इमरजेंसी सुविधाएं चालू हो चुकी हैं, जिसका लाभ कर्मचारी राज्य बीमा निगम के लगभग 1 लाख से भी ज्यादा लाभार्थियों को मिलेगा।



राज्य बीमा निगम के क्षेत्रीय परिषद के सदस्य एवं कर्मचारी प्रतिनिधि एल.पी. कटकवार ने कहा कि जिले में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का अस्पताल बन जाना बड़ी सौभाग्य की बात है। आज देश के प्रधानमंत्री मोदी ने रायगढ़ सहित अन्य स्थानों में अस्पताल का लोकार्पण किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश को लगातार उन्नति की राह पर ले जा रहे हैं। आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनने के साथ अधोसंरचना के क्षेत्र में भी देश आगे बढ़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री साय जब केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री थे तब उन्होंने इसकी स्वीकृति दी थी, जो आज यह ईएसआईसी अस्पताल बनकर तैयार हो चुका है। इससे श्रमिक परिवारों को महंगे अस्पतालों में होने वाले खर्चों से निजात मिलेगा। कटकवार ने राज्य सरकार द्वारा श्रमिकों के लिए संचालित योजनाओं की भी जानकारी दी और बताया कि श्रम कार्ड के माध्यम से रोजगार, उपचार, उनके बच्चों को छात्रवृत्ति, गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जाती है। श्रमिकों के बच्चों को विदेश में पढ़ाई के लिए भी अनुदान दिया जाता है ताकि श्रमिक परिवार के बच्चे भी अच्छा नागरिक बन सके।

## शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई व्यापम की परीक्षा

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा कृषि विपणन बोर्ड रायपुर के अंतर्गत सहायक संचालक, वरिष्ठ सचिव एवं कनिष्ठ सचिव के पदों के लिये रविवार 25 फरवरी 2024 को परीक्षा आयोजित की गई। उक्त परीक्षा के संबंध में सहायक नोडल अधिकारी भुवनेश्वर पटेल, एपीसी समग्र शिक्षा ने बताया कि आज की परीक्षा के लिये रायगढ़ शहर के 28 स्कूल एवं कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा एक पाली में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की गई। आज की परीक्षा के लिये निर्धारित 28 केंद्रों में कुल 7124 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा के दौरान कुल 2598 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 4526 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए सभी 28 केंद्रों के लिये जिला कार्यालय की ओर से एक ऑब्जर्वर एवं नोडल केंद्र कि. शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ की ओर से एक ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये थे। जिला कार्यालय की ओर से व्यापम के निर्देशों के अनुरूप 03 सदस्यीय 03 उडऩदस्ता दल का गठन किया गया था, जिन्होंने परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। किसी भी केंद्र में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

## रायगढ़ जिले के दो जवानों को निशानेबाजी में मिला कांस्य पदक



**रायगढ़।** रायपुर पुलिस द्वारा एकलव्य शूटिंग एकेडमी रक्षित निरीक्षक केंद्र में आयोजित 3 दिवसीय निशानेबाजी प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के आरक्षक से लेकर डीएसपी रैंक के लगभग 130 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया, जिसमें राजपत्रित अधिकारियों और महिला वर्ग के लिए 10 मीटर एयर राइफल, 10 मीटर एयर पिस्टल में अलग-अलग इवेंट था। प्रतियोगिता का शुभारंभ छत्तीसगढ़ शासन के गृहमंत्री श्री विजय शर्मा जी के द्वारा किया गया। उद्घाटन पर गृहमंत्री द्वारा सभी हथियारों से फायरिंग कर अपनी रुचि जाहिर कर प्रतियोगिता को हरी झंडी दिखाई थी। इस प्रतियोगिता में रायगढ़ पुलिस के अजाक थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक बसंत पाण्डेय ने 10 मीटर पिस्टल इवेंट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ आरक्षक जसवंत टोप्पो ने 10 मीटर रायफल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया गया है।

इसके पूर्व प्रधान आरक्षक बसंत पांडे ने दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया मास्टर गेम दिल्ली में भाग लेकर सिल्वर मैडल प्राप्त किये थे।

## जमीन विवाद में रिश्तेदारों ने की अधेड़ व्यक्ति की हत्या, चार आरोपी पुलिस हिरासत में : रैरूमाखुर्द के ग्राम राजकोट की घटना

**रायगढ़।** पुलिस चौकी रैरूमाखुर्द अंतर्गत ग्राम राजकोट में कल 24 फरवरी के शाम गांव के सालिकराम राठिया (उम्र 45 वर्ष) की उसके रिश्तेदारों द्वारा जमीन विवाद पर मारपीट कर हत्या की सूचना चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उप निरीक्षक ऐनु कुमार देवांगन को मिली। सूचना प्राप्त होते ही चौकी प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर तत्काल अपने स्टाफ के साथ पहुंचे मौके पर पहुंचे। ग्राम राजकोट के नत्थूलाल राठिया ने बताया कि मृतक सालिकराम राठिया के ससुर महेंद्र राम राठिया की गांव में 24 एकड़ जमीन है। महेंद्र राम की मृत्यु 20 साल पहले मृत्यु हो गई है। महेंद्र राठिया की 24 एकड़ जमीन के बंटवारे को लेकर उनकी दो बेटी मालती राठिया और गुलापी बाई के बीच विवाद है। मालती का



पति सालिक राम और गुलापी बाई का पति रामलाल आए दिन जमीन बंटवारे को लेकर झगड़ा होते रहते हैं। इनका कहना है कि रामलाल अपने हिस्से में ज्यादा जमीन रखा है और सालिकराम लगभग 7 एकड़ जमीन में खेती कर रहा है। 24 फरवरी के शाम बाजार चौक के पास रामलाल राठिया अपने पडोसी नंद किशोर राठिया खड़े हुए थे। उसी समय सालिकराम आकर रामलाल को बराबर बटवारा चाहिये कह कर कहने लगा। दोनों के बीच झगड़ा विवाद होता देख रामलाल की पत्नी गुलापी बाई और उसका लड़का डबलूधर घर से टांगिया, डंडा लेकर आ गये जिसके बाद चारों हाथ घुसे, टांगिया और एक बड़ा पत्थर से सालिकराम को मारपीट कर पत्थर से सिर पर गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिये। चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द द्वारा चारों आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपियों को हिरासत में लिया है। शव पंचानामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, मौके एवं आरोपियों से घटना में प्रयुक्त टांगिया, खून लगा बड़ा पत्थर, डंडाव अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जप्त किया गया है गिरफ्तार आरोपियों को कल न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा।

**हिरासत में लिये गये हत्या के आरोपी -** (1) रामलाल राठिया पिता घासीराम राठिया उम्र 57 वर्ष (2) गुलापी बाई राठिया पति रामलाल राठिया उम्र 52 वर्ष (3) डबलुधर राठिया पिता रामलाल राठिया 25 साल (4) नंदकिशोर राठिया पिता गणेश राठिया 33 वर्ष सभी निवासी ग्राम राजकोट चौकी रैरूमाखुर्द, थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़।

## अवैध शराब बेच रहे व्यक्ति से 60 लीटर महुआ शराब जब्त

- ग्राम छोटे रेगड़ा जंगल में चक्रधरनगर पुलिस की शराब रेड कार्यवाई

**रायगढ़।** दोपहर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा ग्राम छोटे रेगड़ा जंगल में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर शराब रेड कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपी से 60 लीटर अवैध महुआ शराब कीजप्ती की गई है।

दिनांक 24/02/2024 के दोपहर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम छोटे रेगडा का एतवार सिंह जंगल किनारे अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा थाने से प्रधान आरक्षक सुमन चौहान के हमराह आरक्षक चंद्र कुमार बंजारे, नंदकुमार पैंकरा को कार्यवाही के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताये स्थान पर घेराबंदी कर महुआ शराब बिक्री करते मिले एतवार सिंह को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से



20-20 लीटर क्षमता वाले तीन प्लास्टिक जरकिन में भारा हुआ 60 लीटर महुआ शराब जप्त कर थाना लाया गया है। आरोपी एतवार सिंह पिता सिबो मिंज उम्र 50 वर्ष साकिन छोटे रेगडा पर थाना चक्रधरनगर में आबकारी एक्ट की धारा 34(2),59(क) के तहत कार्यवाही किया गया है।

### प्लांट के सामने शराब बेच रहे आरोपी से 25 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** दिनांक 24/02/2024 के शाम थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम गेरवारी सलासर प्लांट चौक के सामने अवैध रूप से प्लास्टिक पन्नी में 250-250 ml महुआ शराब का पाऊच बनाकर बिक्री कर रहा है। थाना प्रभारी के निर्देशन पर तत्काल मौके पर पहुंच कर पूंजीपथरा की टीम द्वारा शराब बेच रहे आरोपी अशोक चौधरी पिता राम चन्दर उम्र 65 वर्ष साकिन ग्राम बुधवा थाना हुसैनाबाद जिला पलामू (झारखण्ड) हाल मुकाम सलासर प्लांट गेरवानी झुग्गी बस्ती के कब्जे से 100 नग महुआ शराब की पाऊच जिसमें प्रत्येक में 250-250 ml महुआ शराब भरा है, जुमला 25 लीटर अवैध महुआ शराब किमती 2500 रूपये को गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी अशोक चौधरी पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### सायकल पर शराब परिवहन कर रहे आरोपी से 35 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़।** अवैध शराब पर कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 25/02/2024 के सुबह मुखबीर सूचना पर तमनार पुलिस की टीम द्वारा ग्राम गारे से लमदरहा जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी कर एक व्यक्ति को सायकल में अवैध शराब परिवहन करते हुए पकड़ा गया है जिसके कब्जे से दो-दो लीटर क्षमता वाली 10 कोल्ड ड्रिंक बॉटल एवं एक 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक डिब्बा में 15 लीटर महुआ शराब कुल 35 लीटर महुआ शराब कीमत रु.7000 जप्त किया गया। आरोपी द्वारा अवैध बिक्री के लिए महुआ शराब लेकर जाना स्वीकार किया है जिसके कब्जे से महुआ शराब एवं पुरानी इस्तेमाली साइकिल को जप्त कर आरोपी राजेश उरांव पिता स्वर्गीय जनक राम उरांव उम्र 30 साल निवासी ग्राम गारे थाना तमनार के विरुद्ध धारा 34 (2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

## लंबे समय से फरार तीन स्थायी वारंटियों को जूटमिल पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रायगढ़।** एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन पर संपत्ति संबंधी अपराधों माल मुल्जिम की पतासाजी के लिए संदिग्ध एवं पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल रहे आरोपियों की सघन जांच, फरार आरोपियों/ वारंटियों की पतासाजी के क्रम में दिनांक 25/02/2024 को जूटमिल पुलिस की टीम द्वारा लंबे समय से फरार तीन वारंटियों को मुखबिर सूचना पर ग्राम गढउमरिया में दबिश देकर थाना लाया गया। पकड़े गये वारंटी - श्यामसुंदर उर्फ भोकोदोलो पिता शोभनाथ खड़िया उम्र 45 साल, कैलाश यादव पिता गुलाब यादव उम्र 23 साल, सुशील खड़िया पिता तेजराम खड़िया उम्र 22 साल तीनों निवासी ग्राम आमामुडा गढउमरिया थाना जूटमिल जिला रायगढ़ के रहने वाले हैं। वर्ष 2020 के मारपीट के मामले में तीनों आरोपी रहे हैं न्यायालय उपस्थित नहीं जिन पर माननीय न्यायालय द्वारा तीनों का स्थायी वारंट जारी किया गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में माल मुल्जिम की पतासाजी के लिए लगाये मुखबीरों से लगातार संपर्क कर जानकारी ली जा रही है जिन पर इन फरार वारंटियों के गांव में देखे जाने की सूचना पर इन्हें गिरफ्तार कर वारंट के परिपालन में न्यायालय पेश किया गया है।

## वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदकों को दिया जा रहा निशुल्क प्रशिक्षण

- जिले के सभी विकासखण्डों में आयोजित हो रहा प्रशिक्षण



**रायगढ़।** वायुसेना अग्निवीर भर्ती में पंजीकृत आवेदकों को जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिले के सभी विकास खंड में स्थित युवा केंद्र के माध्यम से दी जा रही है। विकास खंड रायगढ़ में यह प्रशिक्षण नटवर स्कूल रायगढ़ में संचालित की जा रही है, अब तक 200 आवेदकों द्वारा प्रशिक्षण हेतु पंजीयन कराया गया है। आवेदकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑन लाइन प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जा रही है। अत: पंजीकृत आवेदक विकास खंड में संपर्क प्रशिक्षण हेतु नाम जुड़वा सकते हैं। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ में सपर्क कर सकते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आवेदकों की लिखित परीक्षा के संबंध में 24 फरवरी 2024 को राज्य स्तरीय साप्ताहिक मॉक टेस्ट भी ली गई। जिला रायगढ़ के 100 से अधिक आवेदकों ने मॉक टेस्ट में भाग लिया।

## मारपीट के काउंटर मामले में जूटमिल पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** दिनांक 29/12/2023 को थाना जूटमिल क्षेत्र अंतर्गत कयाघाट जूटमिल में चाय नास्ता की ठेला लगाने वाले बुधराम जाटवर (उम्र 27 वर्ष) द्वारा थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 29/12/2023 के रात्रि करीबन 08:45 बजे कयाघाट का नानु नौरंग अपने साथी के साथ स्कुटी में आया और स्कुटी को खड़ी कर दूकान में आकर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा जिसे रूपये नहीं देने पर ठेला को उठाकर कांउटर के शीशा को हाथ से फोड दिया और ठेला को पलटा दिया। बुधराम जाटवर द्वारा मना करने पर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट किया। घटना की रिपोर्ट आरोपी राजेंद्र उर्फ नानू नौरंग पर मारपीट की सुसंगत धाराओं पर अपराध कायम किया गया।

वहीं आरोपी राजेंद्र उर्फ नानू नौरंग को बुधराम के भाई गोविंदा जाटवर द्वारा चाकू से मारपीट करने की रिपोर्ट राजेंद्र उर्फ नानू नौरंग की मां बुधियारिन बाई द्वारा दर्ज कराया गया था। आरोपी गोविंदा राम जाटवार के विरुद्ध धारा 307 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी गोविंदा राम जाटवर को जूटमिल पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था।

काउंटर मामले के आरोपी राजेन्द्र उर्फ नानू नौरंग पिता जवाहर लाल नौरंग उम्र 26 साल कयाघाट को बुधराम जाटवर से मारपीट करने और उसके ठेले को तोड़फोड के अपराध में जूटमिल पुलिस द्वारा आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## घरघोड़ा पुलिस ने कन्या छात्रावास की छात्राओं को अपराधों की जानकारी देकर किया जागरूक

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थानों की टीम द्वारा स्कूल, कॉलेज, छात्रावास में जाकर छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम व विविध अपराधों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 25/02/2024 को थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरदा चन्द्रा के निर्देशन पर थाना घरघोड़ा के उप निरीक्षक करमू साय पैंकरा के हमराह स्टाफ कन्या छात्रावास घरघोड़ा जाकर छात्राओं को साइबर क्राइम, पोक्सो एक्ट, अभिव्यक्ति ऐप व ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी गई।



उप निरीक्षक करमू साय पैंकरा ने छात्राओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप पर अंजान व्यक्तियों के फ्रेण्ड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने से बचने और ऐसे लोगों से चैटिंग, विडियो कॉल से बचने कहा गया और एटीएम फ्रॉड तथा फेक कॉल के जरिये फ्री गिफ्ट, लॉटरी लगने, बीमा पॉलिसी, वाउचर जीतने, लोन, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने, डीलरशिप के लिए संपर्क करने वाले और घर बैठे लाखों कमाने जैसी जानकारी देने वालों से सर्तक करने और अंजान व्यक्तियों को OPT शेयर नहीं करने की जानकारी दिया गया और घर के सदस्यों तथा अपने जान परिचियों को भी ठगों से सजग करने कहा गया। इस दौरान छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने आवश्यक जानकारी दी गई और पॉक्सो एक्ट, अभिव्यक्ति ऐप के बारे में विस्तार से बताकर छेड़खानी व अवांछनीय घटनाओं होने पर तुरंत अपने शिक्षक, माता पिता को बताने प्रेरित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480